**निदेशक, सूडा की अध्यक्षता में दिनांक 25.01.2022 को अपरान्ह 01.00 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) एवं एन0यू0एल0एम0 की प्रगति के सम्बन्ध में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से सभी जनपदों के परियोजना अधिकारी एवं सी0एल0टी0सी0 के साथ आयोजित बैठक का कार्यवृत्त।**

उपस्थितिः–

1. अपर निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. डा0 कमल कुमार, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
3. सिमी औमेर, एस0एम0एम0, एन0यू0एल0एम0, सूडा।
4. विनोद कुमार कनौजिया, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
5. मनीष श्रीवास्तव, हाऊसिंग फाईनेन्स पॉलिसी स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
6. विनय सिंह, म्यूनिसिपल इंजीनियर, एस0एल0टी0सी, सूडा।
7. संतोष विश्वकर्मा, एमआईएस स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
8. असजद अलवी, अरबन इन्फ्रास्ट्रक्चर स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
9. रविश सिंह, जी0आई0एस0 स्पेशलिस्ट, एस0एल0टी0सी, सूडा।
10. मानस द्विवेदी, एमआईएस स्पेशलिस्ट, सूडा।

सर्वप्रथम प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में अन्तर्गत फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित द्वितीय किश्त, कम्प्लीट लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित तृतीय किश्त, 51वी सीएसएमसी तक स्वीकृत परियोजनाओं के करटेलमेन्ट, शासन द्वारा दिये गये जनवरी, 2022 के लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण आवासों की प्रगति, 56वी सीएसएमसी में स्वीकृत परियोजनाओं के अटैचमेन्ट व जिओ टैग तथा एस0एन0ए0 एकाउन्ट खोले जाने की समीक्षा की गयी।

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी):–

बी0एल0सी0 घटक के अन्तर्गत स्वीकृत परियोजनाओं में फाउण्डेशन लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित द्वितीय किश्त, कम्प्लीट लेवल जिओ टैग के सापेक्ष लम्बित तृतीय किश्त, 51वी सीएसएमसी तक स्वीकृत परियोजनाओं के करटेलमेन्ट, शासन द्वारा दिये गये जनवरी, 2022 के लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ण आवासों की प्रगति, 56वी सीएसएमसी में स्वीकृत परियोजनाओं के अटैचमेन्ट व जिओ टैग तथा एस0एन0ए0 एकाउन्ट खोले जाने की समीक्षा की गयी एवं निम्न निर्देश दिये गयेः–

1. **बुलन्दशहरः**–प्लिन्थ लेवल जिओ टैग के सापेक्ष 1714 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की जानी है, जिस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 1690 लाभार्थियों का पीपीए 02 दिवस में प्रेषित कर दिया जायेगा। कम्प्लीट लेवल जिओ टैग के सापेक्ष 2062 लाभार्थियों को तृतीय किश्त अवमुक्त की जानी है। निर्देशित किया गया कि दिनांक 31.01.2022 तक तृतीय किश्त का पी0पी0ए0 भी प्रेषित कर दिया जाये।
2. **फिरोजाबादः**–प्लिन्थ लेवल जिओ टैग के सापेक्ष 4729 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की जानी है, जिस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 4597 लाभार्थियों का पीपीए तैयार है, जिसे 02 दिवस में प्रेषित कर दिया जायेगा। कम्प्लीट लेवल जिओ टैग के सापेक्ष 1413 लाभार्थियों को तृतीय किश्त अवमुक्त की जानी है, जिस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 1328 लाभार्थियों की पत्रावली अनुमोदन हेतु अग्रसारित कर दी गयी है। निर्देशित किया गया कि द्वितीय एवं तृतीय किश्त का लम्बित पी0पी0ए0 02 दिवस में प्रेषित कर दिया जाये।

क्रमशः......2 पर

3. **रामपुरः**—प्लिन्थ लेवल जिओ टैग के सापेक्ष 1502 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की जानी है, जिस पर सी0एम0एम0 द्वारा अवगत कराया गया कि 888 लाभार्थियों का पीपीए सूडा को प्रेषित कर दिया गया है तथा 529 लाभार्थियों की जांच कराने हेतु परियोजना निदेशक द्वारा निर्देश दिये गये हैं, जो प्रक्रियाधीन है। अवशेष 85 लाभार्थियों का पी0पी0ए0 02 दिवस में प्रेषित कर दिया जायेगा। निर्देश दिये गये कि शीघ्र लाभार्थियों की जांच पूर्ण कराते हुए पी0पी0ए0 प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

4. **ललितपुरः**—समीक्षा में उपस्थित न होने के कारण परियोजना अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिये गये।

5. **बाराबंकीः**—प्लिन्थ लेवल जिओ टैग के सापेक्ष 184 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त तथा कम्प्लीट लेवल जिओ टैग के सापेक्ष 635 लाभार्थियों को तृतीय किश्त अवमुक्त की जानी है, जिस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सूडा में पुराना पी0पी0ए0 भी अभी लम्बित है, जिसका भुगतान नहीं किया गया है। इस पर श्री मनीष श्रीवास्तव, एस0एल0टी0सी0 को लम्बित पी0पी0ए0 का निस्तारण करने के निर्देश दिये गये।

6. **मथुराः**—30 नवम्बर, 2021 तक 22168 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की गयी थी, जिसके सापेक्ष मात्र 17468 आवासों का लिन्टल लेवल जिओ टैग किया गया है। इस प्रकार 4700 आवासों का लिन्टल लेवल जिओ टैग अभी भी लम्बित है। शासन द्वारा माह जनवरी, 2022 तक 20109 आवासों को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जबकि रूफ लेवल जिओ टैग मात्र 16277 आवासों का ही किया गया है, इस प्रकार 5891 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग लम्बित है, जो 31 जनवरी, 2022 तक किया जाना है। निर्देशित किया गया कि स्लैब कास्ट हो चुके आवासों का लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग 31 जनवरी, 2022 तक कराते हुए लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

   56वी सीएसएमसी में स्वीकृत 11639 आवासों में से 9924 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट किया गया है, जिसके सापेक्ष मात्र 1895 का जिओ टैग किया गया है तथा 8029 आवासों का जिओ टैग लम्बित है। इस सम्बन्ध में सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि 1400 आवासों का जिओ टैग कराया गया है, जिसका मॉडरेशन नहीं हुआ है। निर्देश दिये गये कि तत्काल लम्बित जिओ टैग कराना सुनिश्चित करें।

7. **मिर्जापुरः**—30 नवम्बर, 2021 तक 25464 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की गयी थी, जिसके सापेक्ष मात्र 21747 आवासों का लिन्टल लेवल तथा 20282 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग किया गया है। इस प्रकार 3717 आवासों का लिन्टल लेवल एवं 5182 रूफ लेवल जिओ टैग अभी भी लम्बित है। शासन द्वारा माह जनवरी, 2022 तक 23634 आवासों को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि कन्सलटेन्ट द्वारा सभी गैर तकनीकी कर्मियों को हटाकर नये कर्मियों को रखा गया है। निर्देशित किया गया कि स्लैब कास्ट हो चुके आवासों का लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग 31 जनवरी, 2022 तक कराते हुए लक्ष्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

   इसके अतिरिक्त 27 परियोजनाओं की लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 09 परियोजनाओं की डीपीआर तैयार हैं तथा अवशेष 18 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर फरवरी के प्रथम सप्ताह में प्रेषित करने का अनुरोध किया गया। निर्देश दिये गये कि 09 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर प्रत्येक दशा में 31 जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा अवशेष 18 परियोजनाओं के करटेलमेन्ट की डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

क्रमशः......3 पर

8. **कुशीनगरः**—30 नवम्बर, 2021 तक 26022 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की गयी थी, जिसके सापेक्ष मात्र 22966 आवासों का लिन्टल लेवल तथा 20239 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग किया गया है। इस प्रकार 3056 आवासों का लिन्टल लेवल एवं 5783 रूफ लेवल जिओ टैग अभी भी लम्बित है। शासन द्वारा माह जनवरी, 2022 तक 23138 आवासों को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया 56वी सीएसएमसी में स्वीकृत 03 डीपीआर में 1338 आवास हैं, जिसमें 1000 आवासों का जीरो लेवल जिओ टैग हो चुका है। 02 माह में मात्र 1000 जिओ टैग करने पर नाराजगी व्यक्त की गयी तथा निर्देश दिये गये जिओ टैग की गति अत्यन्त धीमी है। यदि इसी गति से जिओ टैग जायेगें, तो सभी लेवल के जिओ टैग ससमय नहीं हो पायेगें, जिससे लक्ष्य की पूर्ति नहीं हो सकेगी।

9. **संत कबीर नगरः**—30 नवम्बर, 2021 तक 12039 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की गयी थी, जिसके सापेक्ष मात्र 9654 आवासों का लिन्टल लेवल तथा 8038 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग किया गया है। इस प्रकार 2385 आवासों का लिन्टल लेवल एवं 4001 रूफ लेवल जिओ टैग अभी भी लम्बित है। शासन द्वारा माह जनवरी, 2022 तक 10329 आवासों को पूर्ण किये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। निर्देश दिये गये कि 31 जनवरी, 2022 तक लम्बित लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग कराना सुनिश्चित करें।

   27 परियोजनाओं की लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 08 परियोजनाओं की डीपीआर तैयार है तथा 19 परियोजनाओं की डीपीआर हेतु एक सप्ताह का समय प्रदान करने का अनुरोध किया गया। निर्देश दिये गये कि 08 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर 31 जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा अवशेष 19 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

10. **आगराः**—30 नवम्बर, 2021 तक 33572 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की गयी थी, जिसके सापेक्ष मात्र 31867 आवासों का लिन्टल लेवल तथा 28912 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग किया गया है। इस प्रकार 1705 आवासों का लिन्टल लेवल एवं 4660 रूफ लेवल जिओ टैग अभी भी लम्बित है। परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शीघ्र ही जिओ टैग के अन्तर को पूरा कर लिया जायेगा। निर्देश दिये गये कि 31 जनवरी, 2022 तक लम्बित लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग कराना सुनिश्चित करें।

11. **फिरोजाबादः**—30 नवम्बर, 2021 तक 29224 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की गयी थी, जिसके सापेक्ष मात्र 26553 आवासों का लिन्टल लेवल तथा 23320 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग किया गया है। इस प्रकार 2671 आवासों का लिन्टल लेवल एवं 5904 रूफ लेवल जिओ टैग अभी भी लम्बित है। निर्देश दिये गये कि 31 जनवरी, 2022 तक लम्बित लिन्टल लेवल एवं रूफ लेवल जिओ टैग कराना सुनिश्चित करें।

   इसके अतिरिक्त 42 परियोजनाओं की लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि सभी करटेलमेन्ट डीपीआर तैयार है, 2–3 दिन में प्रेषित कर दी जायेंगी। साथ ही परियोजना अधिकारी द्वारा वेतन अवमुक्त करने का अनुरोध किया गया। निर्देश दिये गये कि 42 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर प्रत्येक दशा में 31 जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा

क्रमशः......4 पर

वेतन जिलाधिकारी के अनुरोध पर रोका गया था, इसलिए जब उनके द्वारा अवमुक्त करने हेतु पत्र भेजा जायेगा, तभी वेतन अवमुक्त किया जायेगा।

12. **गोरखपुरः**—30 नवम्बर, 2021 तक 27288 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की गयी थी, जिसके सापेक्ष मात्र 24222 आवासों का लिन्टल लेवल तथा 22491 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग किया गया है। इस प्रकार 3066 आवासों का लिन्टल लेवल एवं 4797 रूफ लेवल जिओ टैग अभी भी लम्बित है। निर्देश दिये गये कि 31 जनवरी, 2022 तक लम्बित रूफ लेवल जिओ टैग कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त 12 परियोजनाओं की लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि 04 परियोजनाओं में जांच तहसील स्तर पर लम्बित है, जिसे फरवरी के पहले सप्ताह में प्रेषित करने का अनुरोध किया गया। निर्देश दिये गये कि 08 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर प्रत्येक दशा में 31 जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा अवशेष 04 परियोजनाओं के करटेलमेन्ट की डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

56वी सीएसएमसी में स्वीकृत परियोजनाओं के अटैचमेन्ट के सम्बन्ध में सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि 2000 अटैचमेन्ट के बाद पोर्टल बन्द हो गया। 95 प्रतिशत लाभार्थियों के आधार संस्था को उपलब्ध करा दिये गये हैं। 56वी सीएसएमसी में स्वीकृत 4571 आवासों में से 2017 लाभार्थियों का अटैचमेन्ट किया गया है, जिसके सापेक्ष मात्र 14 का जिओ टैग किया गया है तथा 2003 आवासों का जिओ टैग लम्बित है। निर्देश दिये गये कि यदि एन्ट्री की हुई है, तो अटैचमैन्ट किया जा सकता है। तत्काल लम्बित जिओ टैग को कराना सुनिश्चित करें।

13. **जौनपुरः**—30 नवम्बर, 2021 तक 18853 लाभार्थियों को द्वितीय किश्त अवमुक्त की गयी थी, जिसके सापेक्ष मात्र 15775 आवासों का लिन्टल लेवल तथा 13745 आवासों का रूफ लेवल जिओ टैग किया गया है। इस प्रकार 3078 आवासों का लिन्टल लेवल एवं 5108 रूफ लेवल जिओ टैग अभी भी लम्बित है। परियोजना अधिकारी द्वारा कहा गया कि अवशेष रूफ लेवल जिओ टैग 10 दिवस में पूरा कराने का प्रयास करेगें। निर्देश दिये गये कि प्रत्येक दशा में 10 दिवस में अवशेष रूफ लेवल जिओ टैग पूरा कराना सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त 44 परियोजनाओं में करटेलमेन्ट के सापेक्ष एक भी करटेलमेन्ट डीपीआर अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 23 डीपीआर तैयार हैं तथा 21 परियोजनाओं की सूची चस्पा है, उनमें आपत्ति प्राप्त हुई है। आपत्ति का निस्तारण कराकर शीघ्र ही डीपीआर प्रेषित कर दी जायेगी। निर्देश दिये गये कि 23 परियोजना की करटेलमेन्ट डीपीआर 31 जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा अवशेष 21 परियोजनाओं के करटेलमेन्ट की डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

14. **अयोध्याः**—59 परियोजनाओं में करटेलमेन्ट के सापेक्ष एक भी करटेलमेन्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि पिछले माह से जांच लम्बित है। सूची चस्पा हो चुकी है। 10—15 परियोजनाएं में जांच अन्तिम चरण पर हैं, जिसमें से 07 परियोजनाओं की जांच प्राप्त हो चुकी है। सभी लम्बित जांच वाली परियोजनाएं सदर क्षेत्र की हैं। निर्देश दिये गये कि जिन परियोजनाओं की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, उनकी करटेलमेन्ट डीपीआर प्रत्येक दशा में 31 जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा अवशेष परियोजनाओं के करटेलमेन्ट की डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

क्रमशः......5 पर

इसके अतिरिक्त 56वी सीएसएमसी में स्वीकृत परियोजनाओं के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि डीपीआर की स्वीकृति से पूर्व संस्था द्वारा ही जांच की गयी थी। डीपीआर से पूर्व परियोजना अधिकारी द्वारा यह प्रमाण पत्र दिया गया था कि शासनादेश सं0–568 के क्रम में जांच करा ली गयी है। इस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रमाण पत्र पर संस्था द्वारा हस्ताक्षर किये गये थे, इसलिए मेरे द्वारा भी हस्ताक्षर कर दिये गये। निर्देश दिये गये परियोजना अधिकारी का स्पष्टीकरण प्राप्त किया जाये कि किस आधार पर प्रमाण पत्र जारी किया गया?

15. <u>देवरिया</u>:–30 परियोजनाओं की लम्बित करटेलमेन्ट डीपीआर के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 16 परियोजनाओं की जांच तहसील स्तर पर लम्बित है, जिस कारण एक हफ्ते का समय और चाहिए। निर्देश दिये गये कि 14 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर प्रत्येक दशा में 31 जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा अवशेष परियोजनाओं के करटेलमेन्ट की डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

16. <u>सोनभद्र</u>:–08 परियोजनाओं की लम्बित करटेलमेन्ट की डीपीआर के सम्बन्ध में सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 01 परियोजनाओं की डीपीआर तैयार है, जिसे शीघ्र ही प्रेषित कर दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त अन्य परियोजनाओं में 497 आपत्ति प्राप्त हुई है, जिनका निस्तारण करने के लिए एक सप्ताह का अतिरिक्त समय प्रदान करने का अनुरोध किया गया। निर्देश दिये गये कि 01 परियोजना की करटेलमेन्ट डीपीआर 31 जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा अवशेष 07 परियोजनाओं के करटेलमेन्ट की डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

17. <u>प्रतापगढ़</u>:–10 परियोजनाओं की लम्बित करटेलमेन्ट की डीपीआर के सम्बन्ध में सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि 06 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर तैयार है, जिसे शीघ्र ही प्रेषित कर दिया जायेगा तथा शेष 04 परियोजनाओं में अभी सूची चस्पा नहीं की गयी। निर्देश दिये गये कि 06 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर 31 जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा अवशेष 04 परियोजनाओं में आचार संहिता के बाद ही सूची चस्पा की जाये।

18. <u>बलिया</u>:–शासनादेश सं0–483 दिनांक 04.09.2018 के क्रम में नई संस्था का चयन नहीं किया गया, जिस पर प्रभारी परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 02 सप्ताह में नई संस्था का चयन करके कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा।

19. <u>रायबरेली</u>:–11 परियोजनाओं में करटेलमेन्ट के सापेक्ष एक भी करटेलमेन्ट डीपीआर अभी तक प्राप्त नहीं हुआ है, जिस पर परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 05 परियोजनाओं की सूची चस्पा है तथा 06 परियोजनाओं में अभी सूची चस्पा नहीं हुई है। 06 परियोजनाओं की सूची जनपद में चुनाव के बाद चस्पा की जायेगी। निर्देश दिये गये कि 05 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर 31 जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा अवशेष 06 परियोजनाओं में आचार संहिता के बाद सूची चस्पा की जाये या जिलाधिकारी से वार्ता कर चुनाव आयोग से अनुमति लेकर जनपद में चुनाव के बाद चस्पा कर सकते हैं।

20. <u>अमेठी</u>:–17 परियोजनाओं की लम्बित करटेलमेन्ट की डीपीआर के सम्बन्ध में सहायक परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि 06 परियोजनाओं की डीपीआर तैयार है, जिसे शीघ्र ही प्रेषित कर दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त शेष 11 परियोजनाओं की डीपीआर हेतु एक सप्ताह का अतिरिक्त समय प्रदान करने का अनुरोध किया गया। निर्देश दिये गये कि 06 परियोजनाओं की करटेलमेन्ट डीपीआर 31

क्रमशः......6 पर

जनवरी, 2022 तक प्रेषित कर दी जाये तथा अवशेष 11 परियोजनाओं के करटेलमेन्ट की डीपीआर 07 फरवरी, 2022 तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

21. सिद्धार्थ नगरः—56वी सीएसएमसी में स्वीकृत परियोजनाओं के लम्बित जिओ टैग के सम्बन्ध में सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर द्वारा अवगत कराया गया कि जिलाधिकारी जिओ टैग करने हेतु मना कर रहे हैं। निर्देश दिये गये कि यदि जिलाधिकारी द्वारा मना किया जा रहा है, तो इस सम्बन्ध में उनकी ओर से एक पत्र सूडा को प्रेषित करा दिया जाये।

22. सीतापुरः—56वी सीएसएमसी में स्वीकृत परियोजनाओं के लम्बित 3278 जिओ टैग के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जिओ टैग बन्द कराकर लाभार्थियों की पत्रावली पूर्ण करा रहे थे। अब पुनः जिओ टैग कराना शुरू कर दिया गया है।

एन0यू0एल0एम0

एस0एन0ए0

1. मेरठः—एस0एन0ए0 खाता न खोले जाने के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि खाता खुल गया है तथा 02 दिवस में धनराशि वापिस कर दी जायेगी। निर्देश दिये गये कि भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में तत्काल धनराशि वापिस कर दें।

2. बागपतः—एस0एन0ए0 खाता न खोले जाने के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बैंक को आधार कार्ड की प्रति दे दी गयी है। शीघ्र ही खाता खुल जायेगा। निर्देश दिये गये कि पूर्व खाते में अवशेष धनराशि तत्काल वापिस कर दें।

3. बलरामपुरः—एस0एन0ए0 खाता न खोले जाने के सम्बन्ध में परियोजना अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि बैंक को आधार कार्ड की प्रति दे दी गयी है। शीघ्र ही खाता खुल जायेगा। निर्देश दिये गये कि पूर्व खाते में अवशेष धनराशि तत्काल वापिस कर दें।

ई0एस0टी0 एण्ड पी0ः—

1. वित्तीय वर्ष 2018—19, 2019—20 एवं 2020—21 में असेसमेन्ट उपरान्त उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों की द्वितीय किश्त (50 प्रतिशत) की मांग निर्धारित प्रारूप/चेक लिस्ट पर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देश दिये गये।

2. 26.10.2021 एवं 10.12.2021 को शहरवार जारी लक्ष्यों के सापेक्ष संस्थाओं के कोर्स अनुमोदन के पश्चात् संस्थाओं द्वारा स्मार्ट सेन्टर तैयार कराये जाने के सम्बन्ध में सभी परियोजना अधिकारियों को निर्देश दिये गये।

इसके अतिरिक्त निम्न निर्देश दिये गयेः—

1. सभी जनपदों द्वारा रिवॉल्विंग फण्ड का पूरा डाटा भेजा जाये।

2. जिन जनपदों में एन0यू0एल0एम0 एवं पी0एम0ए0वाई0—यू के अन्तर्गत एस0एन0ए0 का खाता नहीं खुला है, वे तत्काल खाता खुलवाना सुनिश्चित करें।

3. एन0यू0एल0एम0 के अन्तर्गत जिन जनपदों में पुराने खातों में धनराशि उपलब्ध है, वे तत्काल समस्त धनराशि वापिस कर दें। पूर्व खाते में उपलब्ध धनराशि एस0एन0ए0 खाते में हस्तान्तरित नहीं होगी।

क्रमशः......7 पर

4. प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बी0एल0सी0 घटक में सब्सिटयूशन की डीपीआर भेजने से पूर्व सभी लाभार्थियों की पत्रावली पूर्ण होनी चाहिए। यदि डीपीआर स्वीकृति से पूर्व पत्रावली पूर्ण नहीं होगी, तो उसके लिए सी0एल0टी0सी0 इंजीनियर एवं परियोजना अधिकारी उत्तरादायी होगें।
5. जो जनपद चुनाव के दृष्टिगत् जीरो लेवल जिओ टैग नहीं करा रहे हैं, वह जनपद अध्यक्ष/जिलाधिकारी, डूडा के माध्यम से इस आशय का पत्र भिजवा दें।
6. प्रथम किश्त अवमुक्त करने हेतु पत्रावली अग्रसारित कर दें, जिससे सभी कार्यवाही/जांच आदि इस दौरान पूरी की जा सके व आचार संहिता के बाद जिलाधिकारी के अनुमोदनोपरान्त प्रथम किश्त लाभार्थी को अवमुक्त की जा सके।
7. जिन जनपदों में पहले व दूसरे चरण में चुनाव होने हैं, उन जनपदों के लिए करटेलमेन्ट की डीपीआर प्रेषित करने की अन्तिम तिथि 28 फरवरी, 2022 है। जहां तीसरे व चौथे चरण में चुनाव होने हैं, उन जनपदों के लिए करटेलमेन्ट की डीपीआर प्रेषित करने की अन्तिम तिथि 05 मार्च, 2022 है तथा पांचवे, छठे व सातवे चरण में होने वाले चुनाव के जनपदों हेतु करटेलमेन्ट की डीपीआर प्रेषित करने की अन्तिम तिथि 31 जनवरी, 2022 है।
8. दिनांक 30 नवम्बर, 2021 तक अवमुक्त की गयी द्वितीय किश्त के लाभार्थियों की समीक्षा कर आवास पूर्ण कराते हुए तृतीय किश्त अवमुक्त की जाये।
9. जनपदों में 51वी सीएसएमसी तक स्वीकृत आवासों के सापेक्ष जिन आवासों पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, उन पर स्थिति स्पष्ट करें। यदि वे अपात्र हैं तो उनकी करटेलमेन्ट डीपीआर निर्धारित समय सीमा में प्रेषित कर दें। for po's, pl.

अन्त में सभी को धन्यवाद ज्ञापनोपरान्त बैठक सम्पन्न हुई।

[signature] 31.1.2022
(यशु रूस्तगी)
निदेशक

संख्याः– 3901/01/तीस/कार्यक्रम–Vol-VII/2021–22 दिनांकः– 31 जनवरी, 2022

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को अवलोकनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

1. अपर निदेशक, सूडा, लखनऊ।
2. वित्त नियन्त्रक, सूडा, लखनऊ।
3. कार्यक्रम अधिकारी, सूडा, लखनऊ।
4. परियोजना अधिकारी, एन0यू0एल0एम0, सूडा, लखनऊ।
5. समस्त परियोजना अधिकारी/सहा0 परियोजना अधिकारी, डूडा, उ0प्र0।
6. समस्त एस0एल0टी0सी0 विशेषज्ञ, सूडा, लखनऊ।
7. समस्त सी0एल0टी0सी0, सूडा, लखनऊ।
8. गार्ड फाईल।

[signature] 31.1.2022
(यशु रूस्तगी)
निदेशक